**आकाशवाणी केन्द्र शिमला**
**28.08.2026 / 09:20 बजे**

**मुख्य समाचार''**

- प्रधानमंत्री जनधन योजना के आज 12 वर्ष हुए पूरे–देशभर में जनधन खातों की संख्या पहुंची 59 करोड़ के पार।
- पर्यटन राज्य के रूप में हिमाचल का आकर्षण बढ़ा–साढ़े तीन वर्षों में राज्य के विभिन्न पर्यटन स्थलों में पहुचे साढ़े सात करोड़ से अधिक सैलानी ।
- भाई बहन के पवित्र प्रेम का प्रतीक रक्षाबंधन त्यौहार आज हर्षो–हल्लास से मनाया जा रहा है।
- आकांक्षी जिला चम्बा के किसानों को मिल रही प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना तहत अपनी फसल की सुरक्षा ।
- राज्य इक्लैट्रोनिक्स विकास निगम के तहत नर्सिंग योग्यता वाले अभियार्थियों के लिए विदेश में नौकरी का अवसर।

**जनधन योजना**

प्रधानमंत्री जनधन योजना के आज 12 वर्ष पूरे हो गए है। देश में वितीय समामेशन के परिदृश्य को बदलने की दिशा में यह योजना एक महत्व पूर्ण पड़ाव सिद्ध हुई है। इस योजना की शुरू प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वर्ष 2014 में आज की दिन की थी। योजना के तहत देशभर में 59 करोड़ से अधिक जन धन खाते शुरू किए गए हैं।

**पर्यटन**

पर्यटन राज्य हिमाचल के लिए सैलानियों का आकर्षण लगातार बढ़ रहा है। बीते साढ़े तीन वर्षों में साढ़े सात करोड़ से अधिक पर्यटक हिमाचल पहुंचे हैं। जिनमें दो लाख 65 हजार विदेश पर्यटक शामिल हैं। विधानसभा में कल यह आकड़े प्रस्तुत करते हुए मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा कि देशी और विदेशी पर्यटकों के लिए हिमाचल पसंदीदा पर्यटन स्थल बन कर उभरा है। राज्य सरकार पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए विशेष कदम उठा रही है।

**रक्षाबंधन**

भाई–बहन के पवित्र प्रेम का प्रतीक रक्षाबंधन त्यौहार आज देश सहित भी प्रदेश में भी हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है। इस मौके पर बहनें अपने भाईयों की कलाई पर राखी बांधकर उनकी दीर्घ आयु व सुखद भविष्य की कामना करती है। शिमला के मिडिल बाजार स्थित शिव मंदिर के पुजारी वासुदेव शर्मा ने बताया कि इस वर्ष रक्षाबंधन का त्यौहार शुभ माना जा रहा है और आज बहनें पूरे दिन भाई को राखी बांध सकती है।

इधर प्रदेश में रक्षाबंधन के पर्व पर आज सभी सरकारी विभागों, बोर्डों, निगमों और शैक्षणिक संस्थानों में सार्वजनिक अवकाश रहेगा। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कल विधानसभा में ये घोषणा करते हुए कहा कि रक्षाबंधन भाई–बहन के पवित्र प्रेम, और भावनाओं से जुड़ा विशेष पर्व है ऐसे में महिलाओं के साथ–साथ पुरूषों को

भी अवकाश देने का निर्णय लिया गया है। इसके अलावा रक्षाबंधन के पर्व पर आज सूर्यउदय से सूर्यास्त तक महिलाओं के लिए एचआरटीसी की साधारण बसों में निशुल्क यात्रा की सुविधा भी मिलेगी।

## रैंप परियोजना

केंद्र सरकार द्वारा सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों के प्रदर्शन को सुधारने और उसमें तेज़ी लाने के लिए शुरू की गई रैंप परियोजना के तहत प्रदेश में उद्यमियों के लिए जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे है। इसकी तहत सोलन जिला के कुनिहार में महिला उद्यमियों के लिए एक कार्यशाला का आयोजन ——**विस्तृत ब्योरे के साथ समाचार कक्ष से हमारी सहयोगी।**

*केंद्र सरकार की रैंप परियोजना के तहत सोलन जिला के कुनिहार में महिला उद्यमियों के लिए जागरूकत कार्यशाला आयोजित की गई जिसमें 80 से अधिक महिला उद्यमियों ने भाग लिया। 'सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्योगों को बढ़ावा देने के लिए आयोजित इस कार्यशाला में उद्यमियों को वित्तीय सहायता के स्रोतों, बैंकिंग सुविधाओं, सरकारी योजनाओं, उद्यम स्थापना व विस्तार के अवसरों, नेटवर्किंग तथा उद्यमिता विकास से संबंधित विभिन्न महत्वपूर्ण पहलुओं के बारे में जानकारी प्रदान की गई। कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य महिला उद्यमियों को अपने व्यवसाय को शुरू करने, विकसित करने व विस्तार करने के लिए आवश्यक मार्गदर्शन प्रदान करना रहा। इस अवसर पर उपस्थित महिलाओं ने व्यवसाय में आ रही दिक्कतों को साझा किया जिसका विशेषज्ञों ने मौके पर ही निदान व मार्गदर्शन किया। समाचार कक्ष से मैं स्वीटी लवली।*

## हिमकेयर

कांगड़ा जिला के पालमपुर में कथित तौर पर पैसों के अभाव और इलाज न मिलने के कारण हुई एक मरीज की दुखद मृत्यु के बाद प्रदेश के पूर्व विधानसभा अध्यक्ष व विधायक विपिन सिंह परमार ने प्रदेश सरकार पर हिमकेयर योजना को बंद करने का आरोप लगाया है। विपिन सिंह परमार ने घटना पर रोष व्यक्त करते हुए कहा कि केवल डेढ़ लाख या पचास हजार रुपये जैसे मामूली बजट के अभाव में प्रदेश के बेबस लोग परेशान है। उन्होंने स्पष्ट किया कि भाजपा सरकार के कार्यकाल में हिमकेयर और सहारा जैसी जनकल्याणकारी योजनाओं से आपातकाल के समय लोगों को समय पर कैशलेस इलाज उपलब्ध हुआ था। उन्होंने वर्तमान सरकार पर राजनीतिक द्वेष और बदले की भावना से इन योजनाओं को बंद करने का आरोप लगाया है।

## बीमा योजना

आकांक्षी जिला चम्बा के किसानों के लिए प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना लाभकारी सिद्ध हो रही है। विभागीय आकड़ों के अनुसार वर्ष 2025—26 में रबी की फसल में जिला के सात हजार तीन सौ 46 किसानों को बीमा कवर उपलब्ध करवाया गया जबकि खरीफ की फसल में पांच हजार तीन सौ 76 किसान लाभान्वित हुए है।

***प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के अंतर्गत खरीफ सीजन 2026 के तहत 31 अगस्त तक फसल के लिए बीमा कवर उपलब्ध रहेगा। किसानों को इसका लाभ देने के लिए कृषि विभाग प्रयासरत है। मक्का और धान की फसलों के लिए किसानों को प्रति हेक्टेयर 1]200 रुपये के प्रीमियम पर 60 हजार रुपये तक का फसल बीमा कवरेज प्रदान किया जा रहा है। वहीं प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के अंतर्गत अधिक से अधिक किसानों को लाभान्वित करने की आवश्यकता पर जोर देते हुए विभाग ने संबंधित***

***बीमा कंपनी एवं विभिन्न बैंकों के प्रतिनिधियों को किसानों को योजना से जोड़ने के लिए आवश्यक कदम उठाने के निर्देश दिए हैं।***

<u>नर्सिंग</u>

प्रदेश के नर्सिंग योग्यता वाले अभियार्थियो के लिए विदेश में नौकरी का एक बेहतरीन अवसर राज्य इलेक्ट्रॉनिक विकास निगम द्वारा प्रदान किया जा रहा है। निगम के माध्यम से इजराइल स्थित नेशनल स्किल डेवलपमेंट कॉरपोरेशन द्वारा घर पर मरिजों की देखभाल करने के लिए नर्सिंग सहायक के पदों पर भर्ती की जा रही है। कुल्लू जिला रोजगार अधिकारी विनोद कुमार ने विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि चयनित अभ्यर्थियों को भारतीय मुद्रा के अनुसार करीब दो लाख रुपये का वेतन मिलेगा। इच्छुक और योग्य उम्मीदवार पहली सितंबर तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

<u>**अब एक नजर अखबारों की सुर्खियों पर.....**</u>

आज अधिकतर समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता दी है। अमर उजाला का एक शीर्षक है–**प्रदेश में 15 साल तक के कॉन्ट्रैक्ट कैरिज वाहनों के नहीं होंगे चालान।** हिमाचल दस्तक लिखता है–**हिमाचल हाई कोर्ट को मिले तीन नए जज।** दैनिक जागरण की सुर्खी है–**हाई कोर्ट ने रद्द किए कुलपति की नियुक्ति के नियम।** पंजाब केसरी के अनुसार–**आईजीएमसी शिमला में दो सौ 2 करोड़ का दवा खरीद घोटाला।**

दैनिक भास्कर मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के हवाले से लिखता है–**महिला उत्पीड़न की शिकायतें अब गोपनीय रहेंगी, पीड़िताओं को मिलेगा न्याय।** दिव्य हिमाचल के शब्द हैं–**तीन साल में हिमाचल में आए साढ़े सात करोड़ से अधिक सैलानी।**

**रक्षाबंधन पर हिमाचल में सार्वजनिक अवकाश की ख़बर भी** आज अधिकांश समाचार पत्रों में प्रकाशित हुई है– दिव्य हिमाचल का कहना है–**हिमाचल में पहली बार रक्षाबंधन पर सरकारी छुट्टी।**

**नहीं लगेंगे ऐथेनॉल प्लांट, ज्यादा बिजली की खपत वाले उद्योगों पर रोक**–अमर उजाला की एक अन्य ख़बर है।

<u>**अंत में मुख्य समाचार एक बार फिर''**</u>

- प्रधानमंत्री जनधन योजना के आज 12 वर्ष हुए पूरे–देशभर में जनधन खातों की संख्या पहुंची 59 करोड़ के पार।
- पर्यटन राज्य के रूप में हिमाचल का आकर्षण बढ़ा–साढ़े तीन वर्षों में राज्य के विभिन्न पर्यटन स्थलों में पहुचे साढ़े सात करोड़ से अधिक सैलानी ।
- भाई बहन के पवित्र प्रेम का प्रतीक रक्षाबंधन त्यौहार आज हर्षो–हल्लास से मनाया जा रहा है।
- आकांक्षी जिला चम्बा के किसानों को मिल रही प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना तहत अपनी फसल की सुरक्षा ।
- राज्य इक्लैट्रोनिक्स विकास निगम के तहत नर्सिंग योग्यता वाले अभियार्थियों के लिए विदेश में नौकरी का अवसर।

————————————